कार्यालय प्राचार्य, आदर्श उ0मा0वि0 सिविल लाइन्स, रीवा (म0प्र0)
(माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा संचालित)
E-mail address- mhssrewa@gmail.com Phone – (07662) 233943–297943

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

आ.वि. / प्रवेश / सूचना / क्र.–10 / 12055 / 2020 रीवा, दिनांक : 28 / 07 / 2020

सूचना–10

कक्षा 11वीं में नवीन प्रवेश एवं संकाय आवंटन की समय सारणी का पुनः निर्धारण

कोविड–19 महामारी के संक्रमण से निर्मित परिस्थितियों एवं संभावित स्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए कक्षा 11वीं में नवीन प्रवेश एवं संकाय आवंटन हेतु ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया हेतु तथा पंजीकृत आवेदकों की मेरिट सूची एवं चयन सूची के प्रकाशन की समय सारणी एवं प्रक्रिया का निर्धारण दिनांक 24.07.2020 को प्रकाशित सूचना क्रमांक 07, 08 एवं 09 द्वारा किया गया था।

शैक्षणिक सत्र 2020–21 हेतु सचिव, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल के आदेश क्रमांक / 1718 / प.स. / 2020 भोपाल, दिनांक 25.07.2020 द्वारा प्रवेश प्रक्रिया दिनांक 12.08.2020 के पूर्व पूर्ण करने के संबंध में प्रसारित किये गये आदेश के पालन में सूचना क्रमांक 07, 08 एवं 09 द्वारा निर्धारित की गई समय सारणी को निम्नानुसार पुनः निर्धारित किया जाता है :–

1. **समय सारणी** :– नवीन प्रवेशार्थियों तथा संस्थागत विद्यार्थियों को संकाय आवंटन एवं प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु निम्नानुसार तिथियाँ पुनः निर्धारित की जाती है :–

ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन हेतु लिंक बंद होने की अंतिम तिथि	मेरिट सूची एवं चयन सूची के प्रकाशन की तिथि	नवीन प्रवेश हेतु चयनित प्रवेशार्थियों द्वारा ऑनलाइन एडमिशन फार्म भरने एवं शुल्क जमा करने की अवधि	चयनित प्रवेशार्थियों द्वारा सत्यापन हेतु ऑनलाइन भरा गया एडमिशन फार्म एवं संलग्न किये गये दस्तावेज विद्यालय में जमा करने की अवधि	ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन फार्म, एडमिशन फार्म एवं शुल्क जमा करने हेतु विद्यालय की वेबसाइट/ mponline के osms पोर्टल की लिंक
04.08.2020 को सायं 5:00 बजे	06.08.2020 को दोपहर 3:00 बजे	06.08.2020 को सायं 5:00 बजे से 11.08.2020 को सायं 5:00 बजे तक	07.08.2020 को दोपहर 12:00 बजे से 11.08.2020 को सायं 6:00 बजे तक	https://modelhssrewa.org.in/ अथवा https://osms.mponline.gov.in./MHSSREWA

2. चयनित प्रवेशार्थियों की मेरिट सूची एवं प्रवेश हेतु चयन सूचियों को विद्यालय की वेबसाइट एवं mponline के osms पोर्टल पर प्रसारित किया जावेगा।
3. प्रवेश हेतु निर्धारित उक्त अंतिम तिथि के उपरांत सीट रिक्त रहने पर रिक्त सीटों को भरने की प्रक्रिया की जानकारी दिनांक 12.08.2020 को ऑनलाइन प्रसारित की जावेगी।
4. प्रवेश हेतु चयनित पंजीकृत आवेदकों को mponline द्वारा जारी किये गये एप्लीकेशन नम्बर का उपयोग करके एडमिशन फार्म एवं शुल्क निर्धारित अवधि में अनिवार्यतः ऑनलाइन भरना होगा तथा mponline के पोर्टल पर भरे गये एडमिशन फार्म की हार्ड कॉपी के साथ अपलोड किये गये दस्तावेजों की छायाप्रतियों को विद्यालय में जमा करना होगा एवं सत्यापन हेतु मूलप्रतियों को प्रस्तुत करना होगा।
5. चयनित आवेदकों द्वारा ऑनलाइन पंजीयन फार्म में अंकित की गई जानकारियों तथा अपलोड किये गये दस्तावेजों के असत्य एवं कूटरचित / फर्जी पाये जाने पर चयनित आवेदकों का प्रवेश स्वतः ही निरस्त हो जावेगा एवं जमा किया गया शुल्क वापस किये जाने योग्य नहीं होगा।

प्राचार्य
आदर्श उ.मा.वि.
सिविल लाइन्स, रीवा (म.प्र.)

प्राचार्य
आदर्श उ. मा. विद्यालय
सिविल लाइन्स, रीवा (म.प्र.)